>

Title: Need to ensure supply of drugs for preventing Kala-Azar in Bihar.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): सभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं जीरो ऑवर में एक बहुत ही महत्वपूर्ण जानलेवा बीमारी कालाजार के बारे में कहना चाहता हूं। मैं बिहार से आता हूं। बिहार राज्य में अभी तक लगभग 33 जिले ऐसे हैं, जहां कालाजार बीमारी के रोगी दवाई के बिना परेशान हैं। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करना चाहता हूं कि बिहार सरकार ने कई बार भारत सरकार को इस बारे में पत्र लिखा है कि कालाजार बीमारी की दवाई बिहार में भेजी जाये, लेकिन अभी तक वह नहीं भिजवा रही है।

मैं इस सदन के माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि जितनी जल्दी हो, उतनी जल्दी कालाजार की दवाई बिहार में भिजवायी जाये। बिहार में कालाजार के रोगी दवाई के बिना परेशान हैं, यह मैं इस सदन के माध्यम से मांग करता हूं। यही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

सभापति महोदय:

श्री पी.एल.पुनिया अपने आपको श्री कौशलेन्द्र कुमार के विषय के साथ संबद्ध करते हैं।